Regarding Railway related issues of Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan-Laid

श्री लुम्बाराम चौधरी (जालौर) **:** मैं सरकार के समक्ष मेरे संसदीय क्षेत्र जालोर की रेल संबंधी निम्नलिखित मांगो को रखना चाहता हूँ:-

1. करोना काल के पूर्व जयपुर से अहमदाबाद चलने वाली लोकल 54805 अप और 54806 डाउन ट्रेन को पुन: शुरू किया जाए अथवा 19735 अप और 19736 डाउन जयपुर से मारवाड को अहमदाबाद तक विस्तार किया जाए ।

2. पिंडवाड़ा में रेल फाटक संख्या 104 पर रेल्वे अंडर पास के निर्माण के लिए ₹ 5.68 करोड का बजट स्वीकृत है परन्तु लगभग ढेड साल बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नही हुआ है इस कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाए ।

3. पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन पर आश्रम एक्सप्रेस गरीब रथ वन्देभारत तथा बंगलौर भगत की कोठी का ठहराव दिया जाए ।

4. स्वरूपगंज रेलवे स्टेशन पर हरिद्वार मेल , आश्रम एक्सप्रेस , गरीबरथ एक्सप्रेस का ठहराव दिया जाए ।

5. अहमदाबाद आबूरोड डी0 एम 0 यू0 को फालना तक विस्तारित किया जाए ।

6. पिंडवाड़ा रेलवे स्टेशन पर भगत की कोठी पूणे जं0 साप्ताहिक ट्रेन बीकानेर -मिराज जं तथा भावनगर - अयोध्या केंट ट्रेनो का का ठहराव दिया जाए ।

7. स्वरूपगंज रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन के दोनो तरफ आने जाने के लिए फुट ओवन ब्रिज का निमार्ण किया जाए ।

8. अहमदाबाद गोरखपुर एक्सप्रेस को सप्ताह मे सातो दिन चलाया जाए । तथा पिण्डवाडा में ठहराव दिया जाए ।